संक्षिप्त

ब्राह्मण बालिका छात्रावास समिति के चुनाव संपन्न

निवाई। अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण बालिका शिक्षा एवं छात्रावास समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामगोपाल शास्त्री, चुनाव अधिकारी बंशी बोहरा, रामचन्द्र हरिपुरा व भरत शर्मा अलियाबाद की देख रेख में संपन्न हुए। छात्रावास समिति अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा व महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा व लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि रविवार को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक 83 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 5:30 बजे से मतगणना हुई। जिसमें कुल 2963 मतदाओं में से करीब 2550 मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव प्रक्रिया को लेकर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान करवाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों ने संपूर्ण व्यवस्थाएं की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया, मांगीलाल सरसिणया, हनुमान बंन्दावला, रामपाल सिंगवाडिया, रामेश्वरप्रसाद दूत, रामअवतार हरसोरा, सत्यनारायण चौरसिया, सह मंत्री, मोहनलाल बंन्दावला, सीताराम पंचोली, हनुमानप्रसाद समोत्या, सूरजमल सरसिन्या, राजाराम बेद, शंभु चौधरी एवं गंगासहाय चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

पौषबडा महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। गणगौरी बाजार में स्थित वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में वीर तेजाजी मंडल के सानिध्य में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तेजाजी मंदिर निर्माण सेवा समिति सदस्य पारस सैनी व लाला पंडा ने बताया कि पौषबडा महोत्सव को लेकर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया। वैदिक मंत्रोचार के साथ तेजाजी महाराज के चोला चढ़ाकर आकृषक झांकी सजाई गई। इस दौरान तेजाजी महाराज बडा व हलवे का भोग लगाया व महाआरती करके पौषबडा प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान केशर लाल वर्मा, सुरेश खाण्डया, लालचंद सैनी व गणेश सैनी सहित श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार जमात स्थित पेट्रोल पंप वाले श्री मंशापूर्ण बालाजी के मंदिर में पंडित पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बालाजी मंदिर निर्माण सेवा समिति सदस्य सत्यनारायण शर्मा व जीवतराम यादव ने बताया कि पौषबडा महोत्सव को लेकर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि विद्धावान पण्डितों द्वारा मंत्रोचरण के साथ कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान बालाजी की आकृषक झांकी सजाकर बडा व पुआ का भोग लगाया व महाआरती करके पौषबडा प्रसादी वितरित की गई।

कीचड़ से लोग परेशान

पीपलू-उपखंड क्षेत्र के गांव कठमाणा में स्थित माताजी भेरूजी के रास्ते पर पिछले 5 वर्ष से कीचड़ भरा रहता है। जिससे ग्रामीणों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रामराज गुर्जर, केदार बलाई व नौरत प्रजापत सहित कई ग्रामीणें ने बताया की इस रास्ते पर मंदिर होने से श्रद्धालु आते जाते रहते है। लेकिन रास्ते में फैले कीचड़ से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बाईक चालक रास्ते में रपटकर गिर जाने से लोग चोटिल हो जाते है। कई बार पंचायत प्रशासन व उपखंड अधिकारी को अवगत करवाने के बाद भी कोई ध्यान देने से स्थिति जस की तश बनी हुई हैं।

विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

शाहपुरा । कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने ग्राम बिलांदरपुर में अपने निवास पर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनके गुणवतापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक यादव ने कहा कि सभी अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील होकर आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना सुनिश्चित करावे।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

छबड़ा (निसं)। कस्बे के खेल मैदान मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य ने अपने श्रीमुख से श्रीकृष्ण जन्म का बड़ा ही सुंदर व मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि पृथ्वी पर दुष्टों का भार जब बढ़ गया था।

जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में आमजन की सुनी समस्याएं

मनोहरपुर । जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने नवलपुर ग्राम पंचायत में देर रात्रि चौपाल और जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं और तुरंत निस्तारण के लिए कहा। कार्यक्रम में शाहपुरा विधानसभा विधायक मनीष यादव, भाजपा नेता उपेंन यादव और उपखंड अधिकारी संजीव खेदड़ सहित सभी डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान फरयाद लेकर ग्राम पंचायत से आए हुए लोगों ने पानी की समस्या बताइ तो कइयो ने बिजली कटौती की समस्याओं से अवगत करवाया।कई लोगो ने शर्तिग्रस्त नालिया व सड़को को दुरुस्त करवाने को लेकर अवगत करवाया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए, जो कि उनके द्वारा आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। इस प्रकार के कार्यक्रमों से आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होता है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिलता है।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में उनसे जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करने एवं खोले गए रास्तों पर जल्द से जल्द ग्रेवल सड़कों के निमार्ण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने नवलपुर ग्राम पंचायत में देर रात्रि चौपाल और जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं और तुरंत निस्तारण के लिए कहा।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का तय समय पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जलदाय विभाग, बिजली विभाग अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। इस बैठक में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी और तहसीलदार, उपतहसीलदार, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इन विभागों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना था, ताकि आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा सके। हाईवे कट को बंद करने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर नवलपुरा मोड के आसपास के गांवों में। इस समस्या को दूर करने के लिए आमजन ने पुलिया के नीचे रास्ता खोलने की मांग की है, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में

- **कई ग्राम पंचायतों से फरियाद लेकर पहुंचे ग्रामीण**

आसानी हो सके।

नवलपुरा मोड का कट बंद होने से कई गांव जाने का मुख्य रास्ता बंद हो गया है, जिससे लोगों को मनोहरपुर या चंदवाजी जाना पड़ रहा है। यह समस्या न केवल समय बर्बाद करती है, बल्कि लोगों को आर्थिक रूप से भी परेशान करती है। इस दौरान उपेन यादव ने कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए, कलेक्टर को आमजन की मांग पर विचार करना चाहिए और पुलिया के नीचे रास्ता खोलने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र के विकास में भी मदद करेगा। कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने जनसुनवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान दिया। उन्होंने देखा कि एएनएम की डायरी में आईएफएससी कोड और अकाउंट नंबर नहीं थे, जो कि एक महत्वपूर्ण जानकारी है। इस कमी के कारण, कलक्टर ने एएनएम को फटकार लगाई और उन्हें इस तरह की लापरवाही न करने की सलाह दी।

दो दिवसीय वार्षिक मेला आज से

सिरस। नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस में दो दिवसीय वार्षिक मेला सोमवार व मंगलवार को आयोजित होगा। मेला समिति के कोषाध्यक्ष हरिराम गुर्जर व श्यामलाल योगी ने बताया कि दो दिवसीय मेले के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा होंगे व विशिष्ट अतिथि प्रधान रामअवतार लांगडी व ठॉ. बृजराज सिंह होंगे। मेले में घुड़ दौड़, ऊंट दौड़, पैदल दौड़ व तांगा दौड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। मेले में तहसील स्तरीय छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10 व 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच शिवजीराम जाट, छीतरलाल जाट, सत्यनारायण जाट, कानसिंह, भंवरसिंह, रामचंद्र पटेल, राजू जायसवाल, लक्ष्मीनारायण गुर्जर, रामनिवास नाथ, छाजूलाल नाथ व केदारनाथ सहित कई पदधिकारी मौजूद थे।

पूर्व पी.एम. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी

शाहपुरा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर देश में गहरा शोक है। शाहपुरा कांग्रेस में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने रविवार शाम 4 बजे शाहपुरा कस्बे के डाक बंगला परिसर में उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और देश के वरिष्ठ नेता डॉ.मनमोहन सिंह के निधन से पूरा देश बेहद दु:खी है।

हम कांग्रेसजन उनके परिवार एवं प्रियजन और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते है। विधायक यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह न केवल भारत के एक प्रखर अर्थशास्त्री और नीतिशास्त्र के जनक थे, बल्कि वे देश के विकास में अपने अद्वितीय योगदान के लिए ओर भारत में आर्थिक सुधारों, विभिन्न लोक-कल्याणकारी नीतियों और सार्वजनिक जीवन में अपनी साधुता व शुचिता के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। डॉ. मनमोहन सिंह

विधायक मनीष यादव ने डाक बंगला परिसर में 2 मिनट का मौन रखकर डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

जी का योगदान भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर है।

उन्होंने अपने कार्यकाल में न केवल भारत की वैश्विक छवि को सुदृढ़ किया, बल्कि आमजन के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया। हम उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदा कृतज्ञ रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी ने कहा कि हम ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गित प्रदान करने की प्रार्थना करते है। डॉ. मनमोहन सिंह साधारण पृष्ठभूमि से आते थे।

बावजूद उन्होंने देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया। प्रदेश सचिव प्रवीण व्यास, प्रधान शर्मा समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद सभी ने 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान मंजू शर्मा प्रधान प्रवीण व्यास पीसीसी सचिव, ब्लाक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, मुकेश गुर्जर, पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी, सतीश धेधड, रामेश्वर गोरेटा, अर्जुन मोहनपूरीया, अलादीन ख़ान, मुकेश खुड़ानिया , राजेन्द्र पलसानिया, जितेंद्र शर्मा, कमल कुमावत विनोद अग्रवाल बनवारी मीणा, महेंद्र चौधरी पूर्व ज़िला पार्षद, सरपंच धर्मसिंह, रवि, उपचेयरमैन राजेंद्र सारण, पार्षद विपिन बिहारी गुप्ता, घनश्याम सैनी, पार्षद प्रतिनिधि रामावतार, प्रह्लाद, अर्जुन, रामस्वरूप, पूर्व पार्षद हनुमान सेनी, जगदीश सोनी, भैरूमीणा, गोपाल, गजाननद, किशोर सिंह , मूलचन्द, चन्द्रभान पलसानिया, श्रीराम गुर्जर, बद्री, निहाल, इमरान, विक्की, ओमप्रकाश सारण दुर्गाप्रसाद शर्मा, उमराव धानका छुट्टन खान शशिकांत बेनीवाल कैलाश गुर्जर अर्जुन सामोता सुनील ढबास धर्मेन्द्र बुनकर व सकडो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के फैसले पर खुशी का इजहार कर मोदक बांटे

सांभरझील, (निसं)। सांभर के हक को दरकिनार कर (ग्राम पंचायत दूदू) को जिला बनाए जाने के बाद से ही क्षेत्र में पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ जबरदस्त असंतोष और गहरी नाराजगी व्याप्त थी तथा इसके विरोध में जगह-जगह धरना प्रदर्शन, सांभर को जिला बनाने के लिए अनेक रेलियां, जनसभाओं और महापड़ाव तक का आयोजन कर क्षेत्र के लोगों ने अपनी आवाज को बुलंद भी किया था, लेकिन सांभर को जिला बनाने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार ने राजनीतिक लाभ की खातिर प्रशासनिक,भौगोलिक व तमाम मापदंडों से दूर होने के बावजूद ग्राम पंचायत दूदू को जिला बनाने का निर्णय को यथावत रखा व सांभर के जिले के संदर्भ में सौंपे गए अनेक प्रतिवेदनों पर विचार करने से ही साफ इनकार कर दिया था।

सांभर में सरकार के फैसले पर खुशी व्यक्त करते लोग।

भजनलाल शर्मा व नई कमेटी के समक्ष यहां के लोगों द्वारा सांभर को जिला बनाने की मांग रखी गई तथा दूदू जिला को निरस्त करने के लिए तमाम राजनीतिक दल के लोगों, सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियों के अलावा बार एसोसिएशन की तरफ से भी पूरा दबाव रखते हुए अनुरोध किया गया था। आखिरकार शनिवार को कैबिनेट की मीटिंग में निर्णय पारित किया गया और दूदू जिला को निरस्त कर पुन: नगरपालिका में कन्वर्ट कर देने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया।

मालपुरा निवासी मनोज जैन साईबर ठगी का हुआ शिकार

मालपुरा । मालपुरा निवासी एक गृह उधोग संचालक व्यापारी मनोज जैन को शातिर ठगो ने व्हाटसप कॉलिंग कर साईबर ठगी का शिकार बनाते हुये 95 हजार रूपयो की ठगी करने का मामला आया सामने।

पिडित व्यापारी की पत्नि की और से मालपुरा थाना पुलिस को दी रिपोर्ट मे बताया कि उसके पति के मोबाईल पर एक व्हाटसप कॉल आई जिसमे कॉलर ने स्वंय का पुलिस अधिकारी बताते हुये उसके बेटे को एक मुकदमे मे फंसना बता कर 5 लाख रूपयो की मांग की। कॉलर द्वारा इतनी बडी राशि की डिमांड करने व बेटे के किसी मुकमदे मे फंसने की सुनकर पांव तले से जमीन खिसक गई।

पिडित ने तत्काल अपनी पत्नि को मामले से अवगत करवा हडबडाहट मे कॉलर द्वारा बताये गये नम्बर पर 95 हजार रूपये फोन पे कर दिये।

पिडित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि व्हाटसप कॉल करने वाले कॉलर ने खुद को गुडगांव का पुलिस अधिकारी बता उसे साईबर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस अधिकारी बने कॉलर ने 5 लाख की डिमांड करने के बाद कहा कि अपने बेटे को फोन मत करना उसका मोबाईल ट्रेस पर डाला गया है। अपने घर मे छोटा गृह उधोग लगा पापड इत्यादि बनाकर व्यापार कर रहै मनोज जैन को जब उसके साथ साईबर ठगी होने की जानकारी मिली तो उसने तत्काल पत्नि के साथ थाने मे पहुंच पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

सार-समाचार

नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

टोंक। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के हाल ही में प्रदेश स्तर पर हुये चुनाव में टोंक जिले से प्रदेश कार्यकारिणी में चुने गये तीन पत्रकारों का टोंक जार की और से शनिवार को सर्किट हाउस में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में नव-नियुक्त प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम जोशी एवं प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण चावला एंव प्रेम रघुवंशी को माला एंव साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर विजय लखवानी, रोशन शर्मा, अशोक शर्मा, रविन्द्र जौहरी, पवन शर्मा, बृजेश परीडवाल, अनिल विजय, कमलेश सैनी, कमलेश महावर, नासिर खान, राहुल राजवंशी, सुरेन्द्र गुर्जर, गोरव विजय, अशोक बैरवा, साहबजादा अरशद शाहिन, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष सोदा, विष्णु वर्मा आदि मौजुद रहे। समारोह में जिले के मौजूदा जिलाध्यक्ष जोशी के प्रदेश में शामिल होने से नव वर्ष में जिला स्तर के चुनाव करवाने को लेकर भी चर्चा की गई।

इतिहास बनेगा आन्दोलन - प्रहलाद गुंजल

टोंक। जिले के समरावता में हुए थप्पड़कांड के बाद जेल में बंद नरेश मीणा समेत अन्य लोगों की रिहाई और अफसरों पर कार्यवाही की मांग को लेकर नगरफोर्ट में रविवार को महापंचायत हुई। इसमे कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया, गुंजल ने कहा कि यदि 10 दिन में नरेश मीणा समेत जेल में बंद अन्य लोगों को रिहा नहीं किया गया तो राजधानी में आन्दोजल किया जायेगा। टोंक के नगरफोर्ट में महापंचायत के दौरान कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने देवली ैक्ड मनोज कुमार मीणा को ज्ञापन भी सौंपा तथा समरावता प्रकरण में जेल में बंद नरेश मीणा समेत अन्य लोगों की रिहाई और अफसरों पर कार्यवाही की मांग की। महापंचायत में प्रहलाल गुंजल, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व आईएएस टीकाराम मीणा, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना, एससी-एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी घुमरिया, एमपी के विधायक बाबूलाल झंडेल भी शामिल हुए। महापंचायत में काफी भीड़ उमड़ी, इस दौरान 50 से 60 हजार की संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी लोगों ने नरेश मीणा समेत अन्य की रिहाई को लेकर आंदोलन करने की हुंकार भरी। भीड़ को देखकर नगरफोर्ट और आसपास के लोग भी हैरान रह गए, इस दौरान भजनलाल सरकार होश में आओ, नरेश मीणा को न्याय दो के नारे गूंजते रहे।

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नववर्ष का होगा आगाज

टोंक। जैन समाज द्वारा क्षेत्र में नव वर्ष 2025 का धार्मिक अनुष्ठान के साथ आगाज होगा। दिगम्बर जैन मुनिसुव्रत सुखोदय अतिशय क्षेत्र सुथड़ा पर नव वर्ष को श्रावक श्रेष्ठियों द्वारा भक्तिभाव से 108 स्वर्ण कलशों से रिद्धि सिद्धि मन्त्रो के साथ श्रीजी की प्रतिमा पर अभिषेक तथा विश्व शांति की कामना के लिए वृहद शांतिधारा की जाएगी। प्रात: अभिषेक शांति धारा तथा पूजा अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र प्रबन्ध कमेटी द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रबन्ध क्षेत्र कमेटी के महामंत्री अजय गोधा ने बताया कि नव वर्ष पर सुखोदय तीर्थ क्षेत्र सुन्थड़ा में श्रावको द्वारा भक्तामर विधान का आयोजन किया जाएगा।

सर्विस रोड पर खड़े रहते वाहन, जाम में फंस जाती हैं एंबुलेंस

पावटा। कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को एनएचएआई की टीम ने बंद कर दिया गया है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके। बस स्टैंड से महज 20 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। लेकिन सीएचसीकट बंद होने के बाद आपातकालीन सेवाओं के लिए महज केवल सर्विस रोड ही बचता है। यहां पर हर समय एंबुलेंस व निजी वाहनों से गंभीर मरीजों का आना जाना रहता है। लेकिन दिन में बैंक के सामने व सर्विस रोड के दोनो तरफ लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होतीहै। वही सर्विस रोड किनारे दोनो तरफ चोपहिया व दुपहिया वाहन खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।इससे अक्सर मरीज लेकर आए वाहन यहां पर जाम में फंस जाते हैं। शुक्रवार सुबह भोमिया जी के पास एक रोड एक्सीडेंट मे घायल व शनिवार को पेट्रोल पम्प के पास रोड एक्सीडेंट मे घायल व रविवार शाम घायल को ले जाती एम्बुलेंस को जाम मे फसे रहने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलत दिशा मे ले जाते समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे और बड़े हादसे होने की संभावना बनी हुई है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि बैंक, मॉल, दुकानों के सामने लोग दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा करते हैं। वही सर्विस रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग बनी हुई है।जबकि लोगों ने जाम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को उनको कई बार जानकारी भी दी।

लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पावटा बस स्टैंड से महज 20 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। यहां स्थानीय के साथ दूर दराज के मरीज इलाज कराने पहुंचते रहते हैं। जबकि सड़क पर गलत तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। इससे अस्पताल आने वाले एबुलेंस व निजी वाहनों के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कई बार हादसे में घायल को एंबुलेंस या अन्य वाहन से लाते समय सर्विस रोड पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण जाम में घंटों फंसा रहना पड़ा। इससे घायल की जान जोखिम में पड़ जाती है। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से इसे गंभीरता से लेते हुए जाम की समस्या से राहगीरो, व्यापारियों, आम जनता को जूझना ना पड़े इसके लिए सर्विस रोड पर हो रहे अवैध पार्किंग को हटवाने व यातायात कर्मियों को सीएचसी कट से हटाकर सर्विस रोड पर तैनात करने की मांग की है।

धर्म किसी दुकान और किसी बाजार में नहीं मिलता : कृष्णकान्त शास्त्री

निवाई। हनुमान नगर की चल रही कथा में भगवान श्रीराम जानकी विवाह को लेकर भव्य राम बारात धूमधाम से निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि राम बारात हनुमान नगर में स्थित माताजी के मंदिर अयोध्यापुरी से भव्य जुलूस के साथ रवाना हुई। राम बारात में श्रद्धालुओं ने बैण्ड बाजे व डोल नंगाड़े पर जमकर नृत्य किया।

राम बारात में सजी हुई बग्गी पर सवार होकर भगवान श्री राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघन चल रहे थे। राम बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। राम बारात हनुमान नगर में स्थित अभयदाता मंदिर जनकपुरी पंहुची

श्रीराम बारात में मौजूद श्रद्धालु।

जहां तोरण की रस्म की गई। कथा में आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि धर्म केवल आत्मा का विषय है धर्म किसी दुकान और किसी बाजार में नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि धर्म अपनी आत्मा से उत्पन्न होता है यदि आत्मा का वैभव चाहिए तो संसार का वैभव छोडना पडेगा। जो भी अपना वैभव छोडकर आए, वह

- **भगवान श्रीराम बारात में उमड़े श्रद्धालु**

परम आत्मा में लीन हो गए। कथा में गोऋषि प्रकाशदास महाराज किवाड़ा ने कहा कि गाय की सेवा करना एक महायज्ञ के समान है। उन्होंने कहा कि गाय की पूजा मानव ही नहीं देवता भी किया करते हैं।

इस दौरान रामदरबार की महाआरती की गई। कथा में बुद्धिप्रकाश शर्मा, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, विनोद तिवाडी, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरणसिंह, विमल विजय, सुरेश स्वामी, केदार जाट, बलवन्त सिंह, गिर्राज जाट,अशोक पारीक, सांवरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, रामअवतार, हनुमान, मनोज जैन व दयाराम जाट सहित कई भक्त मौजूद थे।

सैनी समाज सामूहिक विवाह हेतु पोस्टर का विमाचन

अलवर। सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति अलवर के तत्वाधान में आज रविवार को "सैनी विवाह योग्य युवक युवती परिचय एवं पंजीकरण कार्यक्रम" एवं सामूहिक विवाह हेतु पोस्टर, बैनर का विमाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश सैनी(सब्जीमण्डी वाले) ने की। समिति प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजति व माल्यापर्ण कर की गई।

इस अवसर पर 10 युवकों एवं 5 युवतियों ने फार्म भर कर अपना पंजीयन कराया गया। सामुहिक विवाह हेतु अभीतक 7 जोड़ों को पंजीयन हो चुका है। इस अवसर पर दिनांक 01 मार्च 2025 शनिवार फुलेरादोज को आयोजित होने वाले 28वें अखिल भारतीय सैनी सामुहिक विवाह समारोह के बैनर एवं सम्पर्क पोस्टर का विमोचन समिति संरक्षक इंजि. निरंजनलाल सैनी ने करते हुए उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सम्पर्क हेतु सोशल मीडिया, वाट्सएप गुरप एवं अन्य साधनों को माध्यम से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना बनाने बात कही। समिति द्वारा दिनांक 03 जनवरी 2025 शुक्रवार से तहसील, ब्लॉक एवं विधानसभावार स्तर पर सामाजिक भामाशाहों, सामाजिक संगठनों से सम्पर्क कर कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति संरक्षक इंजि. निरजनलाल सैनी, कार्यक्रम अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, अलवर फलसब्जी आढती युनियन अध्यक्ष कैलाश सैनी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, समन्वयक रामजीलाल खुराडिया, सह कोषाध्यक्ष इंजि. ललताप्रसाद सैनी, उपाध्यक्ष रतनलाल सैनी, रोशनलाल सैनी, पंकज सैनी आढतिया, सैनी महासभा पूर्व महामंत्री मास्टर लक्ष्मणसिंह सैनी, भारतभूषण सैनी, महेन्द्र सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, मन्याराम सैनी, मदनलाल सैनी, डॉ. प्रदीप सैनी, चन्द्रप्रकाश सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।